
मध्य रेल, मुंबई मंडल

# रेल सागर

## पांचवा अंक – 2023

**"कविता विशेषांक"**

















# रेल सागर

पांचवा अंक

(2023)

## संरक्षक

रजनीश कुमार गोयल
मंडल रेल प्रबंधक

## मार्गदर्शक

अमरेन्द्र सिंह
अपर मंडल रेल प्रबंधक (उपनगरीय)
एवं
अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

## संपादक

सुशांत जे. पंडा
संपर्क राजभाषा अधिकारी

## सहयोग

राजभाषा विभाग, मुंबई मंडल

## प्रकाशन

21.03.2024


पत्रिका में प्रकाशित सभी विचार रचनाकारों के अपने विचार हैं। उन्हें भारत सरकार या रेल मंत्रालय का विचार न समझा जाए। रचनाकार अपनी रचना की मौलिकता के लिए स्वयं जिम्मेदार है।

# अनुक्रमणिका



| क्र. सं. | विषय | कृति/रचना | रचनाकारों के नाम | पृ. सं. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ | कविता | इंजीनियर प्रेमनाथ | 4 |
| 2. | बेटियों का कैसे उध्दार हो | कविता | मुकेश कुमार | 5 |
| 3. | हमारी हिंदी | कविता | सुनिल कुमार लाल | 6 |
| 4. | कन्या के अनोखें रूप | कविता | मनोज कुमार | 7 |
| 5. | कणा | मराठी कविता | कुसुमाग्रज कविता संग्रह से | 8 |
| 6. | वतन मेरा | कविता | कुमार 'उमेश' | 9 |
| 7. | राजे शिवछत्रपती | मराठी कविता | कुमारी माया कथोरे | 10 |
| 8. | हिंदी मेरी भाषा है | कविता | कुमार 'उमेश' | 11 |
| 9. | हिंदी भाषा की रेल | कविता | मुकेश कुमार | 12 |
| 10. | राजभाषा पख़वाड़ा - 2023 | मुंबई मंडल | राजभाषा विभाग | 13-14 |
| 11 | राजभाषा गतिविधियां | मुंबई मंडल | मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय | 15-32 |

## संरक्षक की कलम से



यह हर्ष का विषय है कि मुंबई मंडल के राजभाषा विभाग द्वारा गृह पत्रिका "रेल सागर" ई-पत्रिका के 5 वें अंक का प्रकाशन "कविता विशेषांक" के रूप में किया जा रहा है ।

सूचना प्रौद्योगिकी के युग में भारत एक बहुभाषी राष्ट्र है यहां अनेको भाषाएं एवं बोलियां है, भाषा भावों और विचारों की संवाहक होती है । किसी भी राष्ट्र की पहचान उसकी भाषा और संस्कृति से होती है और पूरे विश्व में हर एक देश की अपनी भाषा और अपनी एक संस्कृति है । हिंदी भारत में संपर्क भाषा के रूप में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली एक सशक्त और सरल रूप में समझी जाने वाली भाषा है ।

मुझे विश्वास है कि राजभाषा हिंदी का प्रयोग-प्रसार बढ़ाने के उद्देश्य से और मंडल के सभी रेल कर्मियों तथा उनके परिजनों के बीच साहित्यिक रूचि बढ़ाने के उद्देश्य से निश्चित रूप से यह पत्रिका सहायक सिद्ध होगी।

मैं ई-पत्रिका के इस 5 वें अंक के सफल प्रकाशन के लिए इससे जुड़े समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई देता हूँ ।

**शुभकामनाओं के साथ ।**

रजनीश कुमार गोयल
मंडल रेल प्रबंधक
मध्य रेल, मुंबई छ.शि.म.ट.

# अपर मंडल रेल प्रबंधक (उपनगरीय) एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी की कलम से।



बड़ी खुशी की बात है कि मुंबई मंडल पर गृह पत्रिका "रेल सागर" का "कविता विशेषांक" के रूप में प्रकाशन हो रहा है । गृह पत्रिकाओं का प्रकाशन राजभाषा के प्रयोग-प्रसार को बढ़ाने में निश्चित रूप से सहायक रहा है । सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपना दैनिक कार्यालयीन कामकाज राजभाषा हिंदी में करना चाहिए तथा अपने अधीनस्थों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। इस ई-पत्रिका का प्रकाशन का उद्देश्य मंडल पर एक साहित्यिक मंच प्रदान करना है,जहां सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने अंदर छिपी प्रतिभाओं को कलम के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे।

पत्रिकाओं का प्रकाशन राजभाषा नीति के अनुपालन का एक महत्वपूर्ण अंग है । पत्रिका को और अधिक रूचिकर बनाने के लिए आप सभी से सहयोग अपेक्षित है ।

इस 5 वें अंक में राजभाषा संबंधी विस्तृत जानकारी के अलावा कवियों की रचनाएं है ।

**हार्दिक शुभकामनाएं ।**

**अमरेन्द्र सिंह**
**अपर मंडल रेल प्रबंधक (उपनगरीय) एवं**
**अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी,**
**मुंबई छ.शि.म.ट.**

# संपादक की कलम से



आप सभी के समक्ष मुंबई मंडल की गृह पत्रिका “रेल सागर” ई-पत्रिका का “कविता विशेषांक” के रूप में 5 वा अंक प्रस्तुत है। गृह पत्रिकाओं का प्रकाशन राजभाषा के प्रयोग-प्रसार को बढ़ाने में निश्चित रूप से सहायक रहा है ।

पत्रिकाओं का प्रकाशन राजभाषा नीति के अनुपालन का एक महत्वपूर्ण अंग है। इस अंक में राजभाषा संबंधी विस्तृत जानकारी के अलावा अधिकारी एवं कर्मचारियों के बीच साहित्यिक रूचि बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न रचनाओं का समावेश है। पत्रिका को और अधिक रूचिकर बनाने के लिए आप सभी से सहयोग अपेक्षित है ।

मैं सभी रचनाकारों का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ जिन्होंने अपनी रचनाएं भेजकर इस पत्रिका के प्रकाशन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।

**सुशांत जे. पंडा**
संपर्क राजभाषा अधिकारी एवं
सहा. कार्मिक अधिकारी (कल्याण)
मुंबई छ.शि.म.ट.

## बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

एक नहीं दो दो मात्राएं, नर से भारी नारी।
आज़ हमारी बहन बेटियां, बड़ी बड़ी अधिकारी।
अबला की पर्याय कभी जो, आज़ बनीं सीमा प्रहरी।
अध्यापिका नगर सेविका प्रशासन में पैठ गहरी।
रेल चलातीं, मेल चलातीं, देश चलातीं हैं महिला।
अध्यापिका, नगर सेविका, प्रथम नागरिक है महिला।




विश्व गुरु गर हमें है बनना, काम हमें करना होगा।
बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा बुलंद करना होगा।
देश की आधी आबादी को हक उनका देना होगा।
भूलकर भी बेटा-बेटी में अंतर नहीं करना होगा।
बेटा गर शिक्षित होगा तो उजाला एक घर में होगा।
बेटी गर शिक्षित होगी तो दो दो घर रोशन होगा।
बची नहीं गर बेटी तो, दुनिया वीरान हो जायेगी।
पढ़ी नहीं गर बेटी तो, विकास गति रुक जायेगी।
21वीं सदी के भारत में अब दृढ़ संकल्प लेना होगा।
बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का मिशन पूरा करना होगा।



**इंजीनियर - प्रेमनाथ**
सचिव
राजभाषा कार्यान्वयन समिति
डीजल लोको शेड कुर्ला

# बेटियों का कैसे उद्धार हो



कोख में ही गूँज रही
बेटियों की चीत्कार हो । तो !
समानता का अधिकार
फिर कैसे स्वीकार हो ?

हर कदम पर बेटियों संग
जब हो रहा अत्याचार हो । तो !
इंसानियत के भाव का
फिर कैसे विस्तार हो ?

इंसानों के समाज में
जब राक्षसी व्यवहार हो । तो !
इस समाज में बेटियों का
फिर सपना कैसे साकार हो ?



हर मोड़ पर बेटियों का
जब इज्जत तार-तार हो । तो !
हैवानियत के भाव से
फिर कैसे बेड़ा पार हो ?

बेटियों के सिसकियों से
जब भरा हुआ अख़बार हो । तो !
'बेटी बचाओ' का नारा
फिर कैसे सबको स्वीकार हो ?

बेटियों को जलाने के लिए
जब दहेज का बाज़ार हो । तो !
मजबूर बेटियों का मौसम
फिर कैसे खुशगँवार हो ?

हर मोड़ पर जब बेटियाँ
मजबूर और लाचार हो । तो !
बेटियों को खुशियों का
फिर कैसे दीदार हो ?



पदक विजेता बेटियाँ भी
जब शोषण की शिकार हो । तो !
इस समाज में बेटियों का
फिर कैसे उद्धार हो ?

**मुकेश कुमार**
उप स्टेशन प्रबंधक
बदलापूर




# हमारी हिंदी

हमारी हिंदी
राष्ट्र भाषा है हिंदी
हिन्द देश की आन है हिंदी
संस्कृत की लाडली बेटी है हिंदी
हिंदुस्तान की तो मातृभाषा है हिंदी
हमारा मान,सम्मान,अभिमान है हिंदी
हिंदुस्तान के माथे की तो बिंदी है यह हिंदी
सुंदर, मीठी, सरल और सहज भाषा है हिंदी
हम सबकी एकता की अनुपम परंपरा है हिंदी
सब जन को एकसूत्र में पिरोने वाली डोर है हिंदी
काल को जीत लिया वो कालजयी भाषा है हिंदी
स्वतंत्रता की अलख जगाने वाली भाषा है हिंदी
जिसके बिना हिंद थम जाए वो भाषा है हिंदी
गुलामी की जंजीर तोड़ने वाली थी हिंदी
हिंदुस्तान की तो जीवन रेखा है हिंदी
वीर सपूतों की लाडली थी हिंदी
स्वतंत्रता की कहानी है हिंदी
पराई नहीं अपनी है हिंदी
आपकी भी है हिंदी
मेरी भी है हिंदी
सबकी हिंदी
हिंदी हिंदी
हिंदी
और जिसके ललाट पर लगी हैं बिंदी
वही हमारी मातृभाषा है हिंदी



**सुनील कुमार लाल**
सेवानिवृत: मु.का.अधि.(कार्मिक)
लो.टि.ट.(C&W)

# कन्या के अनोखें रूप

क्या क्या कह दूँ , कन्या तुम को ,
जो भी कहूँ वह कम ही है,
अहलादित और वैचान हुआ मन
भाव अनंत मेरे दिल में है।

नहीं छंद न शब्द है मुझको ,
व्यक्त करने को दिल मे है ,
कालिदास और बाल्मीकि बन ,
तेरे गुण गाने को है।

माँ की गोद मे तुझे देखता ,
बेहद हर्षित होता हूँ मै ,
माँ ब्रहम मुझको दिखती है ,
तुम नन्ही सृष्टि सी है ।

कलि देखा विचलित होता हूँ ,
बेहद कोमल सी दिखती है ,
कही बिखर न जाए धूल मे ,
जो फूल बनने को है।

बाग - बागीचे को कहता हूँ ,
संभाल कली जो तरुवर पर है,
और माली तुम सींच खून से ,
बेहद प्रिय सभी को है ।

युवा होने को जब तुम आती
बेहद सुंदर तुम दिखती हो ,
कौन न चाहे तुम्हें देखकर ,
जो जीवित इस जग मे है ।

हर्षित होता माँ-बाप जब ,
तुम तरुणी बन खिल जाती,
अब तुम बनती सृजन हर ,
दुल्हन बन विदा होती ।

लता धान का देख दुखी हूँ ,
वह भी खेत मे मुर्झाता ,
यदि न बादलों और खेत मे ,
फल नहीं उसमे लग पाता ।



तुम भी लता धान ही जैसी ,
नहीं बादलों तो मुर्झाती,
विदा बाप तुम को करता है
शोभा औरों की बनती ।

एक वादन है एक ह्रदय है
कई लोग खुशियां पाते ,
बेटी-बहू-पत्नी बन कर तुम
साथ सभी तुम से पाते ।

माँ और दादी-माँ बनती ,
और सृष्टि तुम से चलती ,
माँ-दादी का स्निग्ध प्यार ,
नहीं कही औरों में दिखती,
एक कन्या है कई रूप है ,
सब में सुंदरता दिखती ,
और न ऐसा रूप जगत में ,
तुम प्रिय सभी में दिखती ।



मनोज कुमार शर्मा,
मुख्य कार्यालय अधीक्षक,
वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी कार्यालय
छशिमट मुंबई

# कणा

‘ओळखलतं का सर मला’ पावसात आला कोणी
कपडे होते कर्दमलेले केसावरती पाणी.
क्षणभर बसला, नंतर हसला, बोलला वरती पाहून;
‘गंगामाई’ पाहुणी आली, गेली घरटयात राहून
माहेरवाशीण पोरीसारखी चार भिंतीत नाचली
मोकळ्या हाती जाईल कशी-बायको मात्र वाचली
भिंत खचली, चूल विझली, होते नव्हते नेले,
प्रसाद म्हणून पापण्यांमध्ये पाणी थोडे ठेवले
कारभारणीला घेऊन संगे सर, आता लढतो आहे
पडकी भिंत बांधतो आहे. चिखलगाळ काढतो आहे’
खिशाकडे हात जाताच हसत हसत उठला
‘पैसा नको सर, जरा एकटेपणा वाटला
मोडून पडला संसार तरी मोडला नाही कणा
पाठीवरती हात ठेवून नुसते लढ म्हणा’.




विष्णू वामन शिरवाडकर
उर्फ कुसुमाग्रज

# "वतन मेरा"

कोई दुश्मन ना उजाडे ये चमन मेरा।
मुझको तो जाँ से भी प्यारा है ये वतन मेरा।।
ईश्क इंसान से हो ये कोई जरूरी तो नहीं।
मेरा महबूब तो है बस इक ये वतन मेरा।।
कोई दुश्मन ना उजाडे ये चमन मेरा।
मुझको तो जाँ से भी प्यारा है ये वतन मेरा।।(1)



मेरे लहू की हरेक बूँद इसके काम आये ।
हो वतन की शान पे कुर्बान ये बदन मेरा ।।
कोई दुश्मन ना उजाडे ये चमन मेरा।
मुझको तो जाँ से भी प्यारा है ये वतन मेरा।।(2)



ले के हाथों में इसे माथे से लगा लेता हूं ।
मेरे वतन की ये मिट्टी तो है चंदन मेरा ।।
कोई दुश्मन ना उजाडे ये चमन मेरा ।
मुझको तो जाँ से भी प्यारा है ये वतन मेरा ।।(3)

मेरे वतन की ये मिट्टी तो सुर्ख चंदन है ।
इसी मिट्टी में जनाज़ा हो बस दफ़न मेरा ।।
कोई दुश्मन ना उजाडे ये चमन मेरा ।
मुझको तो जाँ से भी प्यारा है ये वतन मेरा ।।(4)

इससे बढ़कर भी कोई चाह नहीं खुदा मुझको ।
आखिरी वक्त तिरंगा हो बस कफ़न मेरा ।।
कोई दुश्मन ना उजाडे ये चमन मेरा।
मुझको तो जाँ से भी प्यारा है ये वतन मेरा ।।(5)




कुमार ' उमेश '
मुख्य डिपो सामग्री अधीक्षक
वरि.मं.वि.इंजी. कलवा, कारशेड



# || राजे शिवछत्रपती ||

शिवनेरीच्या कडेकपारी नाद तोफांचा गुंजला
थोर जिजाऊंच्या पोटी राजा शिवछत्रपती जन्मला
शिवरायांनी किल्ले जिंकून दिले हिंदीवी स्वराज्याला
भवानी तलवारीने अभिषेक केला शिवलिंगाला
जिवापाड जपले त्यांनी, मराठमोळ्या मावळयाला
गणिमी युक्तीने हरवले त्यांनी स्वराज्याच्या शत्रुला
कडे-कपारीतुन लढले राजे परी ठेवले रयतेला



स्वराज्याची पताका फडकवीत ठेवली दिल्ली तकताला
मराठी म्हणून जन्मलो याचा अभिमान आहे आम्हाला
तुमचे पाऊल लाभले या महाराष्ट्राच्या मातीला
तुमची कृपा असावी हिंदीवी-स्वराज्याच्या अस्मीतेला
वाकुन मुजरा करते माझ्या छत्रपती शिवजी महाराजाला

**|| जय जय महाराष्ट्र माझा || गरजा महाराष्ठ्र माझा ||**



कुमारी माया कथोरे
ऑटो कैड ऑपरेटर
सहा.मंडल इंजीनियर (वर्क)
मुंबई छ.शि.म.ट.

# "हिंदी मेरी भाषा है"

हिंदी मेरी भाषा है, हिंदी मेरी आशा है।
हिंदी का उत्थान हो जग में यही मेरी अभिलाषा है।।
तुलसी, कबीर के ये वाणी
रसखान, रहीम इसके ज्ञानी
यह मीरा, सूर के भजनों में
ये ही दुष्यंत की गजलों में
इसके मीठे बोलों से सबकी बढती प्रेम पिपासा है।
हिंदी मेरी भाषा है, हिंदी मेरी आशा है ।।

दिनकर और निराला ने
हिंदी का मान बढाया है
बच्चन ने ' मधुशाला ' को
हिंदी में ही तो रचाया है
बार बार पढकर के जिसको फिर भी ये मन प्यासा है।
हिंदी मेरी भाषा है , हिंदी मेरी आशा है ।।

यह प्रेमचंद के पन्नों में है
अमृता की प्रेम कहानी में
यह नीरज के गीतों में और
सुभद्रा की झाँसी वाली रानी में
बस प्यार और बलिदान की ये ही तो परिभाषा है।
हिंदी मेरी भाषा है , हिंदी मेरी आशा है ।।

आधुनिकता ने देखो तो
यह कैसा ढोंग रचाया है
हिंदुस्तान में ही हिंदी को
द्वितीय श्रेणी का बनाया है
इसको पीछे करने का देखें कब तक चलता ये तमाशा है।
हिंदी मेरी भाषा है, हिंदी मेरी आशा है ।।

इसकी संताने ही इसको
माता कहते शर्माती हैं
खाती हैं हिंदी का ही पर
गुण दूजी भाषा के गाती हैं
कब इसको सम्मान मिलेगा हम सब की ये जिज्ञासा है।
हिंदी मेरी भाषा है , हिंदी मेरी आशा है ।।

हिंदी मेरी भाषा है , हिंदी मेरी आशा है।
हिंदी का उत्थान हो जग में यही मेरी अभिलाषा है ।।

कुमार ' उमेश '
मुख्य डिपो सामग्री अधीक्षक
वरि.मं.वि.इंजी. कलवा, कारशेड





# हिन्दी भाषा की रेल





चली चली रे रेल चली
हिन्दी भाषा की रेल चली ।

संस्कृत की प्यारी बेटी
भारत माँ की गोद पली ।

भ्रमण कर चुकी अब तक
भारत माँ की हर एक गली ।

चली चली रे रेल चली
हिन्दी भाषा की रेल चली ।

भारत-भ्रमण तो हो गया
अब वैश्विक बाजार चली ।





विकसित देशों में भी अब
हिन्दी भाषा की रेल चली ।

चली चली रे रेल चली
हिन्दी भाषा की रेल चली ।

विश्व के कोने- कोने में
घूम रही यह गली-गली ।

पूरे जग में हिन्दी को अब
सुपरफास्ट की गति मिली ।

चली चली रे रेल चली
हिन्दी भाषा की रेल चली ।






संयुक्त राष्ट्रसंघ के द्वार पर
हरी झंडी के लिए खड़ी ।

संयुक्त राष्ट्र संघ से भी अब
आश्वासन की बात मिली ।

चली चली रे रेल चली
हिन्दी भाषा की रेल चली ।

थामकर तिरंगा हाथों में
घूम रही अब गली-गली ।

तिरंगा का मान बढ़ाने हेतु
अब वैश्विक-बाजार चली ।
चली चली रे रेल चली
हिन्दी भाषा की रेल चली ।

**मुकेश कुमार**
उप स्टेशन प्रबंधक
बदलापूर

# 'राजभाषा पख़वाड़ा - 2023'

## दिनांक 11/09/2023 को आयोजित वाक् प्रतियोगिता ।

| क्र. | नाम | पदनाम | कार्यालय | परीक्षा फल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री अनूप कुमार राय | वरिष्ठ फार्मासिस्ट | माटुंगा स्वास्थ्य केंद्र | प्रथम |
| 2. | श्रीमती वीणा नाईक | मु. बुकिंग पर्यवेक्षक | विट्ठलवाड़ी स्टेशन | द्वितीय |
| 3. | श्री मुकेश कुमार | उप स्टेशन प्रबंधक | बदलापुर स्टेशन | तृतीय |
| 4. | श्री ब्रिजेश योगी | सहायक सी.एडं डब्ल्यू | छ.शि.म.ट. | प्रेरणा - I |
| 5. | श्री दिलीप कु. सोनी | मुख्य फार्मासिस्ट | मंडल रेल अस्पताल, कल्याण | प्रेरणा - II |

## दिनांक 11/09/2023 को टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता ।

| क्र. | नाम | पदनाम | कार्यालय/स्टेशन | परीक्षा फल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री दिलीप कु. सोनी | मुख्य फार्मासिस्ट | मु.चि.अधीक्षक कल्याण | प्रथम |
| 2. | श्री चंदन कुमार | लेखा सहायक | लेखा विभाग, छ.शि.म.ट. | द्वितीय |
| 3. | श्री अरबिन्द कुमार | व. अनु. अधी. | व.मं. वित्त प्रबंधक, मुंबई | तृतीय |
| 4. | चंदन भारती | कनिष्ठ लेखा सहायक | लेखा विभाग, छ.शि.म.ट. | प्रेरणा - I |
| 5. | श्री मुकेश कुमार | उप स्टेशन प्रबंधक | बदलापुर | प्रेरणा - II |

## दिनांक 12/09/2023 को आयोजित हिंदी निबंध प्रतियोगिता ।

| क्र. | नाम | पदनाम | कार्यालय | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री मुकेश कुमार | उप स्टेशन प्रबंधक | स्टेशन बदलापुर | प्रथम |
| 2. | श्रीमती गुडिया कुमारी | गृहव्यवस्था | मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, कल्याण | द्वितीय |
| 3. | श्री विवेक कुमार चौहान | कनिष्ठ आशुलिपिक | वरि.मं.का.अधिकारी, मुंबई | तृतीय |
| 4. | श्री बृजेश योगी | असिस्टेंट सी.एडं डब्लयू | सी.एडं डब्लयू छ.शि.म.ट., मुंबई | प्रेरणा - I |
| 5. | श्री पूरण चन्द सैनी | तकनीशियन-III | एस.एस.ई.डी., कुर्ला | प्रेरणा - II |

# ‘राजभाषा पख़वाड़ा - 2023’

**दिनांक 12/09/2023 को पर्ची उठाओ और अपने विचार लिखो प्रतियोगिता**

| क्र. | नाम | पदनाम | कार्यालय | परिणाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री मुकेश कुमार | उप स्टेशन प्रबंधक | बदलापुर स्टेशन | प्रथम |
| 2. | श्री रविकान्त शर्मा | एस.एस.ई. | डीजल शेड, कुर्ला | द्वितीय |
| 3. | श्रीमती भाग्यश्री र. पवार | खलासी | सी.एण्ड डब्ल्यू छ.शि.म.ट., मुंबई | तृतीय |
| 4. | श्री आशुतोष परमार | सी.से.इंजीनियर | डीजल शेड, कल्याण | प्रेरणा - I |
| 5. | श्रीमती सुजाता हे. चौधरी | खलासी | सी.एण्ड डब्ल्यू छ.शि.म.ट., मुंबई | प्रेरणा - II |

**दिनांक 14/09/2023 को आयोजित पुस्तक वाचन प्रतियोगिता ।**

| क्र. | नाम | पदनाम | कार्यालय | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री उमेश कुमार शर्मा | मु.डिपो सामग्री अधीक्षक | सहा. सामग्री प्रबंधक, कलवा | प्रथम |
| 2. | श्रीमती शलाका पाटील | सी.से. इंजीनियर | वरि.मं.वि.इंजी. कलवा,कारशेड | द्वितीय |
| 3. | श्रीमती चारूशिला पं. वाराळे | फिटर-I | सी.एण्ड डब्ल्यू छ.शि.म.ट., मुंबई | तृतीय |
| 4. | श्री महेंद्र कुमार रामसेवक राजभर | तकनीशियन-I | व.मं.यां.इंजी.(डी), कुर्ला | प्रेरणा - I |
| 5. | श्री राधाकृष्ण शर्मा | तकनीशियन-I | डीजल लोको शेड, कुर्ला | प्रेरणा - II |

**दिनांक 14/09/2023 को आयोजित काव्य लेखन प्रतियोगिता ।**

| क्र. | नाम | पदनाम | कार्यालय | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री अनूप कुमार राय | मुख्य फार्मास्सिट | वरि.मं.चि.अधिकारी, माटुंगा | प्रथम |
| 2. | श्री उमेश कुमार शर्मा | मु.डिपो सामग्री अधीक्षक | वरि.मं.वि.इंजी. कलवा,कारशेड | द्वितीय |
| 3. | श्री मुकेश कुमार | उप स्टेशन प्रबंधक | स्टेशन बदलापुर | तृतीय |
| 4. | श्री महेंद्र कुमार रामसेवक राजभर | तकनीशियन-I | व.मं.यां.इंजी.(डी), कुर्ला | प्रेरणा - I |
| 5. | श्री पंकज कुमार | कनिष्ठ लेखा सहायक | लेखा विभाग, छ.शि.म.ट. | प्रेरणा - II |

# मध्य रेल, मुंबई मंडल, राजभाषा गतिविधियां वर्ष 2023

## जनवरी/2023

- गृहमंत्रालय राजभाषा विभाग द्वारा संचालित 02 जनवरी 2023 से शुरू किए गए नए पारंगत प्रशिक्षण कक्षा के सत्र में 12 कर्मचारी नामित किए गए ।
- वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(क.च.स्टा.), कुर्ला कारशेड में दिनांक 09/01/2023 से 13/01/2023 तक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 19 कर्मचारियों ने भाग लिया ।
- रेलवे स्कूल, कल्याण में दिनांक 21/01/2023 को हिंदी प्रतियोगिता के पुरस्कार, विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए ।
- दिनांक 26 जनवरी 2023 को 74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा हिंदी में भाषण किया गया ।



- दिनांक 24/01/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति/कुर्ला कारशेड, दिनांक 19/01/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति/ठाणे और दिनांक 27/01/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति/कुर्ला (क.वि.) में बैठक संपन्न हुई ।
- दिनांक 30/01/2023 को कल्याण डीजल लोकोशेड में श्री जयशंकर प्रसाद की जयंति मनाई गई । मुंबई मंडल के अधिकारियों के नाम/पदनाम ई ऑफिस में हिंदी में करवाए गए ।

## फरवरी/2023

- दिनांक 01/02/2023 को स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दादर में बैठक का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 03/02/2023 को स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कल्याण अस्पताल में बैठक का आयोजन किया गया । दिनांक 28/02/2023 को कल्याण अस्पताल में स्थित हिंदी पुस्तकालय/वाचनालय में विष्णु वामन शिरवाडकर साहित्यकार जयंती का आयोजन किया गया, इस अवसर पर अस्पताल के कर्मचारियों ने श्री शिरवाडकर जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार प्रकट किए गए ।





- दिनांक 09/02/2023 को स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कल्याण डीजल शेड में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन किया गया । संगोष्ठी में "सामाजिक मीडिया में हिंदी के प्रयोग की संभावनाएं" इस विषय पर चर्चा की गई ।
- दिनांक 13/02/2023 को स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति,लोनावला में बैठक का आयोजन किया गया
- दिनांक 15/02/2023 को स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पनवेल में बैठक का आयोजन किया गया।



- दिनांक 16/02/2023 को स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कल्याण लोको में बैठक का आयोजन किया गया ।



- दिनांक 17/02/2023 को स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, इगतपुरी में बैठक का आयोजन किया गया ।



- दिनांक 23/02/2023 को स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, मुंबई छशिमट में बैठक का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 24/02/2023 को स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कुर्ला डीजल में बैठक का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 24/02/2023 को स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लो.ति.ट. में बैठक का आयोजन किया गया ।

**मार्च/2023**

- दिनांक 02/03/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति भायखला में बैठक का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 10/03/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति कल्याण यार्ड में बैठक का आयोजन किया गया ।



- दिनांक 15/03/2023 को मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 182वीं बैठक, मंडल रेल प्रबंधक के बैठक कक्ष में मुख्य परियोजना प्रबंधक/ गति शक्ति एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।



- दिनांक 13/03/2023 से 17/03/2023 तक राजभाषा कार्यान्वयन समिति छ.शि.म.ट. स्टेशन में हिंदी 5 दिवसीय की हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया ।



- दिनांक 24/03/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति दादर स्टेशन मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया ।





- दिनांक 20/03/2023 से 25/03/2023 तक राजभाषा कार्यान्वयन समिति लोकमान्य तिलक टर्मिनस में 5 दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया ।




- दिनांक 29/03/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति सानपाड़ा कारशेड़ में बैठक का आयोजन किया गया।



- दिनांक 30/03/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति कलवा कारशेड़ में बैठक का आयोजन किया गया ।

- दिनांक 30.03.2023 को मंडल रेल प्रबंधक कक्ष में मंडल सांस्कृति अकादमी मुंबई की "आयुषमान" नाटक संयुक्त विजेता (टीम रेलवे बोर्ड ) का स्वागत किया ।





**<u>अप्रैल/2023</u>**

- दिनांक 18/04/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति कुर्ला कारशेड में बैठक का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 20/04/2023 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभा कक्ष में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया ।



- दिनांक 25/04/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति कुर्ला (क.वि.) में बैठक का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 26/04/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति कल्याण अस्पताल में बैठक का आयोजन किया गया ।





- दिनांक 27/04/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति (डीजल) शेड कल्याण में बैठक का आयोजन किया गया और साथ ही बैठक के पश्चात राजभाषा संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया ।



**मई/2023**

- दिनांक 09/05/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, ठाणे में बैठक का आयोजन किया गया ।



- दिनांक 12/05/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पनवेल में बैठक का आयोजन किया गया ।
- दि. 12/05/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कल्याण लोको में बैठक का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 17/05/2023 को क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, मुंबई की 180वीं बैठक का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 18/05/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दादर में बैठक का आयोजन किया गया ।



- दिनांक 24/05/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, छ.शि.म.ट. में बैठक का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 25/05/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति,कल्याण यार्ड में बैठक का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 27/05/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, ईगतपुरी में बैठक का आयोजन किया गया ।



- दिनांक 30/05/2023 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, मुंबई की बैठक में वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए समिति के अध्यक्ष एवं पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक के कर-कमलों द्वारा मुंबई मंडल को राजभाषा शील्ड एवं प्रशस्ति–पत्र प्रदान किया गया ।



**जून/2023**

- दिनांक 02/06/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कुर्ला डीजल में बैठक का आयोजन किया गया ।



- दिनांक 02/06/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सानपाडा कारशेड में बैठक का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 21/06/2023 को मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, मुंबई की 183वीं बैठक का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा राजभाषा विभाग की गृह पत्रिका **रेल सागर** और **साहित्यकारों का जीवन परिचय** स्मरणिका का विमोचन किया गया ।
- दिनांक 27/06/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति,कलवा कारशेड में बैठक का आयोजन किया गया।

- दिनांक 12/06/2023 को बी.टी.सी./कुर्ला कारशेड में जे.ई. और दिनांक 28/06/2023 को एम.टी.सी./कुर्ला कारशेड में मोटरमेन के प्री-प्रमोशनल प्रशिक्षण के लिए एस.सी./एस.टी. कर्मचारियों हेतु राजभाषा विषय पर व्याख्यान दिया गया । जिसमें क्रमश: 37 और 28 कर्मचारियों ने इस व्याख्यान का लाभ उठाया ।

**<u>जुलाई/2023</u>**

- दिनांक 15 एवं 22 जुलाई/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सानपाडा कारशेड में कर्मचारियों के लिए हिंदी निबंध एवं हिंदी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।



- दिनांक 21/07/2023 को एम.टी.सी./कुर्ला कारशेड में मोटरमेन के प्री-प्रमोशनल प्रशिक्षण के लिए एस.सी./एस.टी. कर्मचारियों हेतु राजभाषा विषय पर व्याख्यान दिया गया जिसमें 19 कर्मचारियों ने इस व्याख्यान का लाभ उठाया ।
- दिनांक 31 जुलाई 2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति कलवा कारशेड में हिंदी साहित्य के अमिट हस्ताक्षर आम आदमी के सरोकारों से जुड़े विषयों और उसकी पीड़ाओं को चित्ररूप में दर्शाने वाले उपन्यास सम्राट कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई ।
- मंडल रेल प्रबंधक जी के हस्ताक्षर से 18 प्रवीणता प्राप्त अधिकारियों को व्यक्तिश: आदेश दिए गए ।

**<u>अगस्त/2023</u>**

- दिनांक 02/08/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कल्याण लोकोशेड़ में बैठक का आयोजन किया गया ।



- दिनांक 07/08/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति,कुर्ला कारशेड़ में बैठक का आयोजन किया गया।
- दिनांक 08/08/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, छ.शि.म.ट. मुंबई में बैठक का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 15/08/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कल्याण अस्पताल में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिताओं के प्रमाणपत्र वितरित किए गए ।



- दिनांक 17/08/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पनवेल में बैठक का आयोजन किया गया ।





- दिनांक 17/08/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सानपाड़ा कारशेड में बैठक का आयोजन किया गया एवं दिनांक 15/07/2023 और दिनांक 22/07/2023 को आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरित किए गए ।
- दिनांक 18/08/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कल्याण डीजल में बैठक का आयोजन किया गया, हिंदी और आई.टी. अनुप्रयोग इस विषय पर राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।



- दिनांक 18/08/2023 को भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की जयंती के उपलक्ष्य में सदभावना दिवस एवं मेरी माटी मेरा देश के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक जी ने हिंदी में कर्मचारियों को प्रतिज्ञा दिलाई ।
- दिनांक 22/08/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कल्याण लोकोशेड़ में साहित्यकार हरिशंकर परसाई की जयंती एवं हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया । पहली बार हास्य कवि सम्मेलन में शेड के कर्मचारियों को भी अपनी कविताएं प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया और पुरस्कार स्वरूप नकद राशि एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए ।





- दिनांक 22/08/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, डीजल कुर्ला में बैठक का आयोजन किया गया।
- दिनांक 22/08/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति,कुर्ला (क.वि.)में बैठक का आयोजन किया गया।
- दिनांक 25/08/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लो.ति.ट. में बैठक का आयोजन किया गया ।




- दिनांक 31/08/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, मुंबई छशिमट में साहित्यकार शिवाजी सावंत जी की जयंती मनाई गई ।



**सितंबर/2023**

- दिनांक 11/09/2023 को मंडल रेल प्रबंधक के सभा कक्ष में वाक् प्रतियोगिता एवं टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया ।






- दिनांक 12/09/2023 को मंडल रेल प्रबंधक के सभा कक्ष में हिंदी निबंध एवं पर्ची उठाओं और अपने विचार लिखो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।





- दिनांक 14/09/2023 को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में मंडल रेल प्रबंधक जी के कर-कमलों से मां सरस्वती देवी को दीप प्रज्जवलन/माल्यार्पण किया गया और हिंदी दिवस का अपना संबोधन दिया ।














- दिनांक 14/09/2023 को पुस्तक वाचन प्रतियोगिता एवं काव्य लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 15/09/2023 को अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए हिंदी सुलेखन प्रतियोगिता की प्रविष्टियां मंगाई गई ।
- दिनांक 15/09/2023 को मंडल रेल प्रबंधक जी के द्वारा सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को स्वच्छता पखवाड़ा की प्रतिज्ञा दिलवाई गई ।
- दिनांक 18/09/2023 को ( तमस-भीष्म साहनी ) पुस्तक समीक्षा लेखन प्रतियोगिता की प्रविष्टियां मंगाई गई ।
- दिनांक 19/09/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, ईगतपुरी में बैठक का आयोजन किया गया ।




- दिनांक 22/09/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कलवा कारशेड में बैठक का आयोजन किया गया, बैठक के पश्चात अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए राजभाषा प्रश्नमंच का आयोजन किया गया ।



➢ दिनांक 22/09/2023 को मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में मंडल की 184 वीं बैठक का आयोजन किया गया और अधिकारियों के लिए राजभाषा प्रश्नमंच का आयोजन किया गया । इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक के कर-कमलों से मंडल पर आयोजित प्रतियोगिताओं के पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए एवं राजभाषा पखवाड़े का समापन किया गया ।























- रेलवे स्कूल के विद्यार्थियों के लिए तात्कालिक भाषण और हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन ।




- कुर्ला कारशेड में राजभाषा प्रश्नमंच, चित्र बोलता है प्रतियोगिता, लेखन प्रश्नोत्तरी और हिंदी निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।



**अक्टूबर/2023**

- दिनांक 17/10/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लोकोशेड कल्याण में बैठक का आयोजन किया गया ।





- दिनांक 19/10/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति,कुर्ला कारशेड में बैठक का आयोजन किया गया ।




- दि. 26/10/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति,कल्याण यार्ड में बैठक का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 30/10/2023 को सतर्कता जागरुकता सप्ताह के उपलक्ष्य में भ्रष्टाचार का विरोध करने हेतु मंडल रेल प्रबंधक जी ने हिंदी में कर्मचारियों को प्रतिज्ञा दिलाई ।




- दिनांक 31/10/2023 को राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में मंडल रेल प्रबंधक जी ने हिंदी में कर्मचारियों को प्रतिज्ञा दिलाई ।




- दि. 31/10/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति,छ.शि.म.ट. में बैठक का आयोजन किया गया ।

**नवंबर/2023**

- दिनांक 08/11/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, डीजल शेड कल्याण में बैठक का आयोजन किया गया ।






- दिनांक 09/11/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कुर्ला (क.वि.) में बैठक का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 10/11/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कल्याण अस्पताल में बैठक का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 23/11/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति,ईगतपुरी में बैठक का आयोजन किया गया।





- दिनांक 24/11/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति,कुर्ला डीजल में बैठक का आयोजन किया गया।




- दिनांक 28/11/2023 को मंडल रेल प्रबंधक महोदय द्वारा संविधान दिवस पर हिंदी में कर्मचारियों को संविधान प्रतिज्ञा दिलाई ।




- दिनांक 30/11/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भायखला में बैठक का आयोजन किया गया ।

**दिसंबर/2023**

- दिनांक 01/12/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति,कलवा कारशेड में बैठक का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 01/12/2023 एवं 04/12/2023 से 07/12/2023 तक मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें 19 कर्मचारियों ने भाग लिया ।




- दिनांक 06/12/2023 को भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस (6 दिसंबर) पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए ।







➢ दिनांक 08/12/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कलवा कारशेड में बैठक का आयोजन किया गया ।





➢ दि. 11/12/2023 को मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 185 वीं बैठक का आयोजन किया गया ।





➢ इस बैठक में, बैठक के अध्यक्ष श्री अखलाक अहमद, अपर मंडल रेल प्रबंधक (प्रशासन), श्री मनीष सिंह, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (मासंवि) एवं उप महाप्रबंधक (राजभाषा) तथा बैठक में उपस्थित अधिकारियों की उपस्थिति में मुंबई मंडल के मोटरमेन श्री सत्यदेव विजय द्वारा लिखित **शिवराय** काव्य पुस्तक का विमोचन किया गया ।



- बैठक के दौरान हिंदी दिवस पर आयोजित टिप्पण एवं आलेखन, हिंदी निबंध, काव्य लेखन, हिंदी सुलेखन एवं पुस्तक समीक्षा लेखन प्रतियोगिता और 20 हजार शब्द प्रतियोगिता, मंडल पर आयोजित कर्मचारियों के लिए कार्यशाला के प्रथम तीन स्थान प्राप्त कर्मचारियों को पुरस्कार तथा पारंगत परीक्षा में उत्तीर्ण एक अधिकारी एवं कर्मचारी को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए ।





- दि.19/12/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति,सानपाडा कारशेड में बैठक का आयोजन किया गया ।



- दिनांक 21/12/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, ठाणे में बैठक का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 28/12/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लोनावला में बैठक का आयोजन किया गया।
- दिनांक 30/12/2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दादर में बैठक का आयोजन किया गया ।

